Name ................................Roll No................................ **KPSI**

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-2.30 घण्टे **कक्षा-VII** पूर्णांक-100

## विषय-हिन्दी

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए।**

(क) कारगिल की लड़ाई बहुत विपरीत परिस्थितियों में लड़ी गयी थी। दुश्मन की चालाकी और विश्वासघात से हम अनजान थे। हमारी सेना के जवानों ने हर परिस्थिति का सामना करते हुए विजय प्राप्त की।

(ख) भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आन्तरिक तत्व स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ-मोह, काम-क्रोध आदि विकार मनुष्य में स्वाभाविक रूव से विद्यमान रहते हैं। पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत निकृष्ट आचरण है।

2. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।**

(क) झम-झम, झम-झम मेघ बरसते है सावन के,
छम-छम गिरती बूँदे तरूओ से छन के।
चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के।।

(ख) क्या घर में क्या जीत में,
किंचित नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही,
वरदान माँगूगां नही।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) कारगिल युद्ध में किन सैनिकों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है?

(ख) भारतीय नागरिक और भारतीय वोटर के नाते हमारी कैसी स्थिति है?

(ग) तुलतुल के मन में भविष्य के किस भय की चिन्ता थी?

(घ) हरसिंगार और बेला के फूलों पर सावन की बूँदों का क्या प्रभाव पड़ा?

**P.T.O.**

(ङ) क्या कारण है कि आजकल व्यक्ति संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है?

**4. निम्नलिखित शब्दों के शब्दार्थ लिखिए।**

भागिनी, धूर्त, कायदा, करिश्मा, आत्मोर्त्सग

5. महान व्यक्तित्व पुस्तक से किसी एक पाठ का सारांश लिखिए।

**6. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

(क) रक्त उबल पड़ना। (ख) हौसला बढ़ाना।

(स) प्राणों की आहुति देना। (घ) मुँह फुलाना।

**7. दिये गये शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

(क) धरती (ख) दीप (ग) सूर्य (घ) माता

**8. संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद कीजिए।**

एकदा नृपः उत्तमम् अङ्के कृत्वा अलालयत। तदानीम एक पञ्चवर्षीयः बालकः ध्रुवः तत्रागच्छत्। सः अपि नृपस्य अङ्के उपवेशनाय अवाञ्छत्, किन्तु नृपः तं नोपावेशयत्। तदा तत्रोपविष्टा विमाता सुरूचिः ध्रुवम् अवदत्- ‘‘त्वं तपोबलेन यदा कुक्षौ जन्म ग्रहीष्यसि तदा राजाङ्के उपवेशनयोग्यः भविष्यसि’’ इति।

9. ‘हरि’ या ‘नदी’ में से किसी एक शब्द का रूप द्वितीया और चतुर्थी विभक्ति एकवचन में लिखिए।

**10. किसी एक पर निबंध लिखिए।**

(क) कोई एक राष्ट्रीय पर्व।

(ख) होलिकोत्सव।

(ग) छात्रा जीवन में अनुशासन का महत्व।

❖❖❖